श्री ललन राम, (222 कुटुम्बा), माननीय स०वि०स० से प्राप्त शून्यकाल का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
औरंगाबाद जिलांतर्गत नवीनगर प्रखंड में पुनपुन नदी, होलेया नदी, रामरेखा नदी, कंचन कररवार नदी एवं ढुनढुनवा नदी में पानी के अभाव में हजारो ऐकड़ खेत की सिंचाई नहीं हो पाती है, सरकार से सोन नदी से लिफ्ट इरिगेशन के द्वारा पाईप लाईन से पानी डालकर सिंचाई की मांग करता हूँ।	औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत पुनपुन नदी, हुलिया नदी, रामरेखा नदी, कंचन कररवार नदी, एवं दुनढुनवा नदी बरसाती नदियां है। वर्तमान में हुलिया, कंचन कररवार एवं पुनपुन नदी पर वियर द्वारा नहरो के माध्यम से नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत 805 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उक्त के अतिरिक्त सोन नदीं के सहायक नदी, उत्तर कोयल नदी में मोहम्मद गंज बैराज से निःसृत उत्तर कोयल दायाँ मुख्य नहर एवं इसके वितरणियो के माध्यम से नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत 16425 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में उत्तर कोयल जलाशय योजना अन्तर्गत नहरों का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने के उपरांत नवीनगर प्रखंड में सिंचाई क्षमता 16425 हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 16900 हेक्टेयर हो जायेगी। वर्तमान में उक्त वर्णित नदियो में सोन नदी से उद्वह सिंचाई के माध्यम से पाईप लाईन द्वारा सिंचाई कराने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

1

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–15 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को शून्यकाल का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–15 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–15 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–15 / 2026 2975 पटना / दिनांक : 01/6/26..............

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/6/26

(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव